Regarding setting up of factories in Palamu Parliamentary Constituency-laid

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें पलामू एवं गढ़वा आकांक्षी जिलों की श्रेणी में आते है । आकांक्षी जिलों में आने का अर्थ है कि इन दोनों जिलों का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ है । इस क्षेत्र में सबसे बडी समस्या रोजगार के अभाव में पलायन की है । इस मामले को मैं वर्ष 2014 से ही इस सदन में उठाता रहा हूँ । परन्तु एक भी उद्योग, कल-कारखाना नहीं लगा है । एक जपला सीमेंट फैक्ट्री थी दुर्भाग्यवश वह भी बंद हो चुकी है । यहॉ के लोग रोजगार के अभाव में दूसरें राज्यों में जाकर मजदूरी करने के लिए विवश है और पलायन कर रहे हैं । खनिज पदार्थो से भरपूर यहाँ पर कोयला प्रचुर मात्रा में है । इसके अलावा ग्रेफाइट है, लाइम स्टोन है बगल के जिला लोहरदगा में बाक्साइट है । अल्युमिनियम का कारखाना भी लगाया जा सकता है । इसके अलावा ग्रेफाइट की उपलब्धता और गुणवत्ता के अधार पर ग्रेफाइट आधारित उद्योग लगाया जा सकता है । बहुत सारी बंद पड़ी खदानों को शीघ्रातिशीघ्र चालू किया जा सकता है । मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि यहां पर कल-कारखाना स्थापित कराने की कृपा की जाय, ताकि इस क्षेत्र में पलायन की समस्या को रोका जा सके ।